खाटू वाले श्याम तेरे नाम से गुजारा है

खाटू वाले श्याम तेरे,
नाम से गुजारा है,
तू जीने का सहारा है,
खाटू वाले श्याम.....

ठोकर लगी मुझको,
जीवन की राहों में,
संभाला तूने ही,
मेरे घर संसार में,
आई विपदा कोई भी,
निकाला तूने ही,
जब कोई साथ ना था,
जब कोई साथ ना था,
मैंने पाया साथ तुम्हारा है,
तू जीने का सहारा है,
खाटू वाले श्याम.....

भटकी मैं राहों में,
तुझे याद किया बाबा,
मेरा तू साथी बना,
मेरी नैया जब डोली,
जीवन मजधार में,
मेरा तू माझी बना,
हारे का सहारा तू,
हारे का सहारा तू,
मेरी नैया का किनारा है,
तू जीने का सहारा है,
खाटू वाले श्याम.....

दौड़ा चला आता,
मेरी हर मुश्किल में तू,
करूँ मैं शुकराना,
बस तेरे चरणों की,
सेवा में रहूँ सदा,
किरपा ये बरसाना,
चोखानी को बाबा,
चोखानी को बाबा,
केवल आसरा तुम्हारा है,
तू जीने का सहारा है,
खाटू वाले श्याम....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26138/title/khatu-wale-shyam-tere-naam-se-guzara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |